उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, इलाहाबाद।

विज्ञप्ति संख्याः– मा0शि0च0बो0/अधि0/ 2615 /2018–19 दिनांक 14/09/2018

विज्ञप्ति

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या–मा0शि0च0बो0/अधि0/1659/2018–19 दिनांक 12.07.2018 के द्वारा प्रशिक्षित स्नातक के छः विषयों यथा–जीवविज्ञान, संगीत, काष्ठशिल्प, पुस्तककला, टंकण एवं आशुलिपिक टंकण विषयों के विज्ञापन तथा प्रवक्ता संवर्ग के वनस्पति विज्ञान एवं संगीत विषयों के विज्ञापन इस आधार पर निरस्त किये गये थे कि इन विषयों का क्रमशः हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के पाठ्यक्रम में शामिल न होने की सूचना सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा चयन बोर्ड को दी गयी थी। उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से आवेदनकर्ताओं को यह सूचित किया गया था कि निरस्त होने वाले विषयों में पूर्व में आवेदन कर चुके अभ्यर्थी विज्ञापित अन्य विषयों में से किसी एक विषय में अपनी अर्हता के अनुसार निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह भी सूचित किया गया था कि विज्ञापन संख्या–01/2016 एवं 02/2016 के सम्बन्ध में निरस्त किये गये विषयों के अलावा अन्य विषयों में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन कर रखा है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी और उनके द्वारा पूर्व में भरा गया आवेदन वैध माना जायेगा।

पूर्व विज्ञापित विषयों के प्रति सिर्फ उन्हीं विषयों के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे, जिनके विषय विज्ञापन संख्या–01/2016 एवं 02/2016 में दिनांक 12 जुलाई, 2018 को निरस्त किये गये हैं। निरस्त किये गये विषयों के अभ्यर्थियों के लिये विज्ञापन संख्या–01/2016 एवं 02/2016 में पुनः आवेदन करने के लिये N.I.C की वेबसाईट **http://pariksha.up.nic.in** के **UTTAR PRADESH SECONDARY EDUCATION SERVICES SELECTION BOARD, ALLAHABAD** के **SECTION** पर जाकर आवेदन करना होगा। पुनः आवेदन करने की तिथि 17.09.2018 को मध्यान्ह 12.00 बजे से प्रारम्भ होकर दिनांक 16.10.2018 को रात्रि 11.59 बजे तक रहेगा। निरस्त किये गये विषयों के अभ्यर्थी विज्ञापित अन्य विषयों में से किसी एक विषय में इण्टरमीडिएट एजूकेशन एक्ट 1921 यथा संशोधित में विहित अर्हता के अनुसार आवेदन केवल एक बार ही कर सकते हैं।

निरस्त किये गये विषयों के अभ्यर्थी पूर्व में विज्ञापित अन्य विषयों में से किसी भी विषय में पुनः आवेदन करने के लिये इच्छुक नहीं होंगे तो उन्हें चयन बोर्ड में सूचना देनी होगी, ताकि उनका जमा शुल्क वापस किया जा सके।

यदि किसी अभ्यर्थी को आवेदन करने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई महसूस होती है, तो चयन बोर्ड कार्यालय में उपलब्ध निम्न हेल्प लाईन नम्बर पर फोन करके आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

1. 9161528947
2. 9161529843

14.9.18.

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
इलाहाबाद।